शाहजहाँपुरपुलिस

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य 13.11.2024

थाना जलालाबाद पुलिस व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा अपराधिक मानव वध एवं हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त को मय घटना में प्रयुक्त 01 अवैध तमंचे के साथ किया गिरफ्तार

दिनांक 06.11.2024 को थाना स्थानीय पर वादी श्री शिवरतन पुत्र मुंशीलाल निवासी ग्राम नगरियाभूड थाना जलालाबाद जिला शाहजहांपुर ने अपने सगे भाई बलराम पुत्र मुंशीलाल निवासी ग्राम नगरियाभूड थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर द्वारा अपने नाजायज तमंचे से वादी के ऊपर फायर कर देने जिसमे वादी के बच जाने परन्तु उसके पुत्र आदित्य उम्र करीब 03 वर्ष के गोली लगने से जिसकी दौराने इलाज मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध थाना स्थानीय पर **मु0अ0सं0 868/2024 धारा 105 बीएनएस बनाम बलराम** पुत्र मुंशीलाल निवासी ग्राम नगरियाभूड थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर पंजीकृत कराया गया था। जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री जुगेश सिंह चौहान के सुपुर्द की गयी।

घटना को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहांपुर द्वारा गम्भीरता से लेते हुए नामित अभियुक्त की तत्काल गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया, जिसके अनुपालन में श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक जलालाबाद के कुशल नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा आज दिनांक 13.11.2024 को अभियुक्त बलराम पुत्र मुंशीलाल निवासी ग्राम नगरियाभूड थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर को गंगा एक्सप्रेस-वे के नीचे ग्राम नगला नाथ को जाने वाले रास्ते से पहले निर्माणाधीन पुल के नीचे से समय करीब 12.45 बजे गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर मय एक अदद खोखा कारतूस मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। विवेचना के दौरान अभियोग में धारा 109 (1) BNS व 3/25/27 A ACT की बढोतरी की गयी। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम –

अभियुक्त बलराम पुत्र मुंशीलाल निवासी ग्राम नगरियाभूड थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर

अपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0 776/2018 धारा 379 भादवि थाना जलालाबाद
2. मु0अ0सं0 778/2018 धारा 307 भादवि थाना जलालाबाद
3. मु0अ0सं0 780/2018 धारा 3/25/27 A ACT थाना थाना जलालाबाद
4. मु0अ0सं0 115/2019 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना जलालाबाद
5. मु0अ0सं0 659/2021 धारा 457/380 भादवि थाना जलालाबाद
6. मु0अ0सं0 308/2023 धारा 5/25 A ACTथाना जलालाबाद
7. मु0अ0सं0 868/2023 धारा 105/109 (1) BNS व 3/25/27 A ACT थाना जलालाबाद

बरामदगी का विवरण

01 अवैध देशी तमंचा 315 बोर मय 01 अदद खोखा कारतूस व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

गिरफ्तारी करने वाली टीम –

1. श्री प्रदीप कुमार राय प्रभारी निरीक्षक थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर ।
2. उ0नि0 श्री जुगेश कुमार थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 2459 मोमीन मलिक थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 2720 सुमित कुमार थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर
5. का0 -1982 शिवम कुमार ,सर्विलांस सेल
6. का0-1805 प्रभात, सर्विलांस सेल
7. का0 -2656 मुकुल खोखर, सर्विलांस सेल